बिहार लोक सेवा आयोग, पटना
15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

विज्ञापन संख्या 02/2017, 03/2017 एवं 04/2017 के अन्तर्गत सहायक अभियंता के पद पर नियुक्ति हेतु प्रारम्भिक परीक्षा के आयोजन के संबंध में आवश्यक सूचना

वि०सं० 02/2017, सहायक अभियन्ता (असैनिक), वि०सं० 03/2017, सहायक अभियन्ता (यांत्रिक) एवं वि०सं० 04/2017, सहायक अभियन्ता (असैनिक) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित सभी उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वि०सं० 02/2017, सहायक अभियन्ता (असैनिक) की परीक्षा दिनांक 15.09.2018 (शनिवार) को तथा वि०सं० 03/2017 एवं वि०सं० 04/2017 (यांत्रिक/असैनिक) की परीक्षा दिनांक 16.09.2018 (रविवार) को एकल बैठक – 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक में पटना जिला मुख्यालय में अवस्थित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। उक्त दोनों तिथियों को आयोजित परीक्षा में सामान्य पत्र (General Paper) विषय की परीक्षा ली जायेगी जिसमें 150 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे।

2. उक्त परीक्षा हेतु अर्हित सभी अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर दिनांक 07.09.2018 से उपलब्ध हैं जिन्हें डाउनलोड कर वे परीक्षा में भाग ले सकते हैं। **अभ्यर्थियों को डाक से (by Post) प्रवेश पत्र नहीं भेजे जायेंगे।**

विज्ञापन संख्या – 02/2017, 03/2017 एवं 04/2017 के अन्तर्गत आवेदन प्राप्ति हेतु निर्धारित अंतिम तिथि – 06.12.2017 के बाद विलम्ब से आयोग कार्यालय में प्राप्त आवेदनों को अनर्हित कर दिया गया है।

3. **यह प्रवेश पत्र पूर्णतः औपबंधिक है। यह प्रवेश पत्र आपकी पात्रता को निर्धारित नहीं करता है। आपके द्वारा मूल आवेदन में की गई प्रविष्टि एवं उससे संबंधित कागजात में किसी प्रकार की भिन्नता रहने पर उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। ऐसे उम्मीदवारों की अर्हता के सम्बन्ध में यथासमय समुचित निर्णय लेने के लिए आयोग स्वतंत्र होगा।**

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना